कार्यालय मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड
इन्दिरा नगर फौरेस्ट कालौनी, देहरादून।
**Phone No. 0135-2764244, 2768712**
**Tele fax no. 0135-2760170, 2762839**
www.wmduk.gov.in ; wmd-ua@nic.in

पत्रांक– 1505 /11–11 (1)/SSC 2021–22 देहरादून दिनांक : 22 दिसम्बर, 2021

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव,
   ग्राम्य विकास,
   उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर मुख्य सचिव,
   वित्त,
   उत्तराखण्ड शासन।
3. अपर मुख्य सचिव,
   वन एवं पर्यावरण,
   उत्तराखण्ड शासन।
4. अपर मुख्य सचिव,
   जलागम प्रबन्धन,
   उत्तराखण्ड शासन।
5. प्रमुख सचिव
   समाज कल्याण,
   उत्तराखण्ड शासन।
6. सचिव,
   कृषि,
   उत्तराखण्ड शासन।
7. सचिव,
   पशुपालन,
   उत्तराखण्ड शासन।
8. सचिव,
   उद्यान,
   उत्तराखण्ड शासन।

**विषय :– दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 को अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आयोजित जलागम प्रबन्ध निदेशालय द्वारा संचालित जैफ वित्त पोषित GEF-6 "Green-Ag." परियोजना अन्तर्गत गठित "राज्य स्तरीय संचालन समिति" की बैठक के कार्यवृत्त प्रेषण विषयक।**

महोदय,

जलागम प्रबन्ध निदेशालय अन्तर्गत संचालित Global Environment Facilitate (GEF) वित्त पोषित GEF-6 Project "Green-Ag: Transforming Indian Agriculture for Global Environmental Benefits and the Conservation of Critical Biodiversity and Forest Landscapes" की "राज्य स्तरीय संचालन समिति" की बैठक अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 को अपरान्ह् 04.00 बजे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भवन, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर में आयोजित की गयी। उक्त बैठक की कार्यवाही का कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्न– उक्तानुसार**

भवदीया,

**(नीना ग्रेवाल)**
परियोजना निदेशक, जैफ–6
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।

**पत्रांक– 1505 /11–11 (1)/SSC 2021–22/ तद्‌दिनांकित।**

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव), उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. अध्यक्ष, राज्य जैव एवं विविधता बोर्ड, उत्तराखण्ड।
3. कुलपति, गो.ब.प.कृषि वि0वि0 पन्तनगर।
4. निदेशक, भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा नामित डॉ0 मोनाली सेन, वैज्ञानिक–E एवं कुलसचिव, WII.
5. जिलाधिकारी, पौडी।

6. नेशनल प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट (NPMU)।
7. विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO), New Delhi.
8. टीम लीडर, तितली ट्रस्ट, विला 49, राजपुर रोड एनक्लेव, धोरण खास, देहरादून एवं टीम लीडर, WWF-India, 30/9A, Pine Hall School Lane, Rajpur Road, Dehradun.

**संलग्न– उक्तानुसार।**

(नीना ग्रेवाल)
परियोजना निदेशक, जैफ–6
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।

**पत्रांक– 1505 /11–11 (1)/SSC 2021–22/ तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून को अवलोकनार्थ प्रेषित।

**संलग्न– उक्तानुसार।**

(नीना ग्रेवाल)
परियोजना निदेशक, जैफ–6
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।

**पत्रांक– 1505 /11–11 (1)/SSC 2021–22/ तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपि–** वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को इस इस आशय के साथ प्रेषित कि वे उक्त कार्यवृत्त अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, महोदया के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

**संलग्न– उक्तानुसार।**

(नीना ग्रेवाल)
परियोजना निदेशक, जैफ–6
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।

श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सभागार, उत्तराखण्ड सचिवालय में आहूत जलागम प्रबन्धन विभाग द्वारा संचालित **Global Environment Facilitate (GEF)** वित्त पोषित **GEF-6 Project "Green-Ag: Transforming Indian Agriculture for Global Environmental Benefits and the Conservation of Critical Biodiversity and Forest Landscapes"** की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

**[बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों की सूची संलग्नक–1 पर है]**

सर्वप्रथम श्रीमती नीना ग्रेवाल, परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा अध्यक्ष महोदया एवं बैठक में उपस्थित राज्य स्तरीय संचालन समिति के समस्त सदस्यों/प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। तद्श्चात परियोजना निदेशक द्वारा समिति के सम्मुख जैफ–6 परियोजना के प्रमुख उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र, अपेक्षित परिणामों/प्रभावों एवं अद्यतन प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया गया। समिति को अवगत कराया गया कि परियोजना वर्ष 2019 में प्रारम्भ हुई है, किन्तु कोविड–19 महामारी के कारण परियोजना प्रगति पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा है। प्रस्तुतिकरण के उपरान्त बैठक हेतु निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं पर बिन्दुवार विचार–विमर्श निम्नवत है:–

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार–विमर्श | अभ्युक्ति/निर्णय |
|---|---|---|
| एजेंडा बिन्दु –1 | **स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की विगत बैठक दिनांक 22 फरवरी, 2019 के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का अनुमोदन।**<br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा विगत बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही से समिति को अवगत कराया गया। | समिति द्वारा विगत बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दुओं पर कृत कार्यवाही का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा बिन्दु –2 | **GEF-6 परियोजना के वित्तीय वर्ष 2021–22 की प्रस्तावित कार्ययोजना एवं बजट (AWPB) रू0 141.7394 लाख का अनुमोदन।**<br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि परियोजना के वित्तीय वर्ष 2021–22 की प्रस्तावित कार्ययोजना रू0 141.7364 करोड़ की तैयार की गई है। दिनांक 15 जून, 2021 को एकदिवसीय परियोजना शुभारम्भ कार्यशाला आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष के शेष माहों में निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित हैं–<br>• Award of Studies on human-wildlife conflict to WII and Studies on Sustainable Energy Alternatives<br>• Social and BD Assessment of identify High Priority Areas.<br>• Geospatial Analysis of Uttarakhand Landscape.<br>• Convergence and Planning Workshops. | समिति द्वारा परियोजना के वित्तीय वर्ष 2021–22 की प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना रू0 141.7364 लाख का अनुमोदन किया गया। |

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार–विमर्श | अभ्युक्ति / निर्णय |
|---|---|---|
| | • State dialogue on agriculture environment and development.<br><br>**समिति से वित्तीय वर्ष 2021–22 की प्रस्तावित कार्ययोजना रू0 141.7394 लाख के अनुमोदन हेतु अनुरोध किया गया।** | |
| एजेंडा बिन्दु–3 | **GEF-6 परियोजना के वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु Procurement Plan का अनुमोदन।**<br><br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जैफ–6 परियोजना के क्रियान्वयन हेतु स्थापित दो Units- State Project Management Unit (SPMU) Dehradun व Green Landscape Implementation Unit (GLIU) Pauri में सुचारू परियोजना कार्य सम्पादन हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 में क्रय किये जाने वाले Goods, Works & Services का अनुमानित विवरण Procurement Plan के रूप में तैयार किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु प्रस्तावित Procurement Plan लगभग रू0 25,41,916 का है।<br><br>**समिति से वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु प्रस्तावित Procurement Plan के अनुमोदन हेतु अनुरोध किया गया।** | समिति द्वारा परियोजना के वित्तीय वर्ष 2021–22 के प्रस्तावित Procurement Plan का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा बिन्दु–4 | **Policy Dialogue एवं Studies हेतु चयनित विषय यथा "Studies on human-wildlife conflict" व "Studies on Sustainable Energy Alternatives" को योग्य संस्थान द्वारा उचित प्रकिया से अनुबन्धित करने का अनुमोदन।**<br><br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि परियोजना के Component 1 के Output 1.1.3 (Studies conducted on issues related to environment/ agriculture and allied activities/ wildlife/ biodiversity etc.) के अन्तर्गत पर्यावरण / कृषि और संबद्ध गतिविधियों / वन्यजीव / जैव विविधता / लिंग और सामाजिक समावेश / स्वदेशी पारम्परिक ज्ञान आदि से सम्बन्धित विषयों पर Studies की जायेंगी। जिस क्रम में वित्तीय वर्ष 2021–22 में परियोजना क्षेत्रान्तर्गत दो (02) Studies की जानी प्रस्तावित हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है– | समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में परियोजना अन्तर्गत प्रस्तावित Policy Dialogue एवं Studies हेतु चयनित विषय यथा "Studies on human-wildlife conflict" व "Studies on Sustainable Energy Alternatives" को योग्य संस्थान द्वारा उचित |

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार–विमर्श | अभ्युक्ति / निर्णय |
|---|---|---|
| | **Studies on human-wildlife conflict-**<br>परियोजना के Results Frameworks के Component 1 के अन्तर्गत Activity 1.1.3.3 के रूप में वित्तीय वर्ष 2021–22 में यह Study की जानी प्रस्तावित है। Study में परियोजना क्षेत्र में हो रहे मानव–वन्यजीव संघर्ष के विभिन्न कारण, प्रभाव एवं संघर्ष कम करने के उपाय इत्यादि का विस्तृत अध्ययन किया जायेगा। Study पर होने वाला अनुमानित व्यय रू0 7,15,300 है।<br><br>**Studies on Sustainable Energy Alternatives-**<br>परियोजना के Results Frameworks के Component 1 के अन्तर्गत Activity 1.1.3.5 के रूप में वित्तीय वर्ष 2021–22 में यह Study की जानी प्रस्तावित है। Study में परियोजना क्षेत्र में वर्तमान उर्जा उपयोग की स्थिति, दैनिक उर्जा उपयोग हेतु प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता, उर्जा के सम्भावित विकल्पों इत्यादि का विस्तृत अध्ययन किया जायेगा। Study पर होने वाला अनुमानित व्यय रू0 3,50,000 है।<br><br>**समिति से वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्रस्तावित Policy Dialogue एवं Studies हेतु चयनित विषय यथा "Studies on human-wildlife conflict" व "Studies on Sustainable Energy Alternatives" को योग्य संस्थान द्वारा उचित प्रकिया से अनुबन्धित किये जाने के प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु अनुरोध किया गया।** | प्रकिया से अनुबन्धित किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा बिन्दु–5 | **परियोजना की Risk Mitigation Strategy का अनुमोदन**<br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि परियोजना वित्तीय वर्ष 2019–20 से प्रभावी है, किन्तु कोविड–19 महामारी के कारण परियोजना कार्यों की प्रगति अत्यन्त बाधित हुई। जिसके दृष्टिगत National Project Management Unit (NPMU) द्वारा परियोजना गतिविधियों हेतु प्रारम्भ में निर्धारित की गई समय सारणी में परिवर्तन करते हुये Risk Mitigation Strategy तैयार की गई है, जिसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2019–20 में प्रस्तावित गतिविधियां अब वर्ष | समिति द्वारा परियोजना की Risk Mitigation Strategy का अनुमोदन किया गया। |

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार–विमर्श | अभ्युक्ति / निर्णय |
|---|---|---|
| | 2021–22 में की जायेंगी। तद्नुसार NPMU द्वारा तैयार परियोजना की वित्तीय वर्ष 2020–21 से वर्ष 2025–26 तक की Risk Mitigation Strategy का अनुमोदन समिति द्वारा किया जाना है।<br><br>**समिति से वित्तीय वर्ष 2020–21 से वर्ष 2025–26 तक की Risk Mitigation Strategy के अनुमोदन हेतु अनुरोध किया गया।** | |
| एजेंडा बिन्दु–6 | **अध्यक्ष महोदया की अनुमति से कोई अन्य बिन्दु।**<br>अध्यक्ष महोदया द्वारा निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गयेः–<br>1) परियोजना क्षेत्र में मानव–वन्यजीव संघर्ष बहुत अधिक है, जिसे कम करने का प्रयास किया जाये।<br>उक्त के सम्बन्ध में परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा अवगत कराया गया कि मानव–वन्यजीव संघर्ष परियोजना की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जिसपर इसी वित्तीय वर्ष में एक Study **“Studies on human-wildlife conflict”** भी की जायेगी।<br><br>2) ग्रामों के चयन से पूर्व पलायन आयोग की रिपोर्ट का अवलोकन कर लिया जाये।<br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा अवगत कराया गया कि पौड़ी जनपद हेतु बनी पलायन आयोग की रिपोर्ट के अवलोकन उपरान्त ही परियोजना क्षेत्र में 99 High Priority Villages का चुनाव किया गया है।<br><br>**3) परियोजना के वन्यजीव कॉरीडोर क्षेत्र में वन गुर्जरों सम्बन्धी अनेक समस्याएँ समय–समय पर संज्ञान में आती हैं। उक्त विषय पर भी परियोजना के अन्तर्गत कतिपय कार्य किये जायें।**<br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना के अन्तर्गत Stakeholder Mapping, Baseline Survey तथा “Studies on human-wildlife conflict” व “Studies on Sustainable Energy Alternatives” की जानी हैं। यदि उक्त अध्ययनों में वन गुर्जरों सम्बन्धी कोई समस्या प्रकाश में आती है तो | |

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार–विमर्श | अभ्युक्ति / निर्णय |
|---|---|---|
| | तद्नुसार गतिविधि कियान्वयन पर विचार किया जा सकता है। | |
| | 4) Community Resource Persons (CRP's) द्वारा परियोजना क्षेत्र में एकत्रित किये जा रहे बेसलाईन डाटा को प्रयोग करने से पूर्व सत्यापित कर लिया जाये।<br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा अवगत कराया गया कि बेसलाईन डाटा प्राप्त होने के उपरान्त उसका सत्यापन कार्य किया जायेगा। | |
| | 5) अध्यक्ष महोदया द्वारा बैठक में समिति के कतिपय सदस्यों की अनुपस्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई। | निर्देशित किया गया कि भविष्य में इस प्रकार की महत्वपूर्ण बैठकों में समस्त सदस्यों द्वारा उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। |
| | अन्त में अध्यक्ष महोदया द्वारा परियोजना के उद्देश्यों की सराहना करते हुये बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं परियोजना के सफल सम्पादन हेतु शुभकामनायें दी गई। | |

**(आनन्द बर्द्धन)**
**सदस्य सचिव,**
स्टेट स्टीयरिंग कमेटी
मुख्य परियोजना निदेशक
जलागम प्रबन्ध विभाग, उत्तराखण्ड।

**अनुमोदित,**

**(राधा रतूड़ी)**
**अध्यक्ष,**
स्टेट स्टीयरिंग कमेटी
अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त
उत्तराखण्ड शासन।

...............................

''संलग्नक–1''

श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सभागार, उत्तराखण्ड सचिवालय में आहूत जलागम प्रबन्धन विभाग द्वारा संचालित GEF-6 "Green-Ag." परियोजना की ''राज्य स्तरीय संचालन समिति'' की बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों की सूची।

| क्र0 सं0 | अधिकारी / कर्मचारी का नाम | पदनाम | विभाग का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री आनन्द बर्द्धन | अपर मुख्य सचिव / मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन | उत्तराखण्ड शासन |
| 2 | श्री एस0ए0 मुरूगेशन | सचिव, ग्राम्य विकास | उत्तराखण्ड शासन |
| 3 | श्रीमती नीना ग्रेवाल | परि0 निदे0, ग्राम्या–2 एवं जैफ–6 | जलागम प्रबन्धन |
| 4 | श्री गंगा प्रसाद | अपर सचिव, वित्त | उत्तराखण्ड शासन |
| 5 | श्री धीरेन्द्र सिंह दताल | अपर सचिव, जलागम प्रबन्धन | उत्तराखण्ड शासन |
| 6 | श्री राजेन्द्र कुमार | अपर सचिव, समाज कल्याण | उत्तराखण्ड शासन |
| 7 | श्री आर0 बी0 सिन्हा | परियोजना निदेशक, जैफ–6 | विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO), नई दिल्ली |
| 8 | श्री अखीलेश तिवारी | निदेशक, राजाजी टाईगर रिजर्व | वन विभाग |
| 9 | श्री एन0 एस0 बरफाल | परियोजना निदेशक, गढ़वाल क्षेत्र, मुनिकीरेती | जलागम प्रबन्धन |
| 10 | श्री बी0 के0 तिवारी | मुख्य अभियन्ता | लघु सिंचाई |
| 11 | डा0 के0 रमेश | वैज्ञानिक ई | भारतीय वन्यजीव संस्थान |
| 12 | डा0 एस0 के0 सिंह | कार्यालयाध्यक्ष | भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, उ.क्षे.के. |
| 13 | डा0 सुनील कुमार अवस्थी | संयुक्त निदेशक | पशुपालन विभाग |
| 14 | डा0 सुरेन्द्र कुमार | वैज्ञानिक–डी | क्षे0 रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र, केन्द्रीय रेशम बोर्ड |
| 15 | डा0 डी0 एस0 रावत | उप निदेशक, नियोजन | जलागम प्रबन्धन |
| 16 | डा0 आर0 पी0 सिंह | उप निदेशक, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण | जलागम प्रबन्धन |
| 17 | श्री आर0 सी0 तिवारी | उप परियोजना निदेशक, जैफ–6 | जलागम प्रबन्धन |
| 18 | श्री महेन्द्रपाल | उप निदेशक | उद्यान विभाग |
| 19 | श्री गुलशन सिंह बिष्ट | अपर सांख्यिकीय अधिकारी | जलागम प्रबन्धन |
| 20 | श्री सोहन सिंह रावत | वरिष्ठ सहायक | जलागम प्रबन्धन |
| 21 | डा0 अनील कुमार सिंह | टीम लीडर | WWF India |
| 22 | डा0 जे0सी0 पाण्डेय | राज्य तकनीकी समन्वयक | जलागम प्रबन्धन |
| 23 | डा0 विकास वत्स | जैव विविधता विशेषज्ञ | जलागम प्रबन्धन |
| 24 | श्रीमती रीमा जैन | आडिट मैनेजर | जलागम प्रबन्धन |
| 25 | श्री प्रमेश चन्द खण्डूरी | जी0आई0एस0 विशेषज्ञ | जलागम प्रबन्धन |
| 26 | डा0 विजयपाल राणा | सिस्टम मैनेजर | जलागम प्रबन्धन |

6